Government of Maharashtra has paid Rs. 1.00 lakh per family in 12 suicide cases having direct linkage with crop loss/indebtedness and Rs. 50,000/- per family in 7 cases having some linkage with crop loss. In addition, the Government of Andhra Pradesh has announced several package measures of relief to the affected farming families and the Government of Karnataka has released Rs. 4.00 crores as one-time assistance in the form of input subsidy to the affected small and marginal farmers.

पशुधन में कमी

911. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश में पशुधन की संख्या कितनी थी और इस समय यह कितनी है;

(ख) देश में पशुधन में हो रही लगातार कमी के प्रमुख कारण क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में कृषि कार्यों में पशुधन के महत्व का कोई मूल्यांकन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पशुधन में हो रही कमी को रोकने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से ठोस उपाय किये गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) पशुधन संख्या 5 साल में एक बार आयोजित पशुधन गणना के आधार पर तय की जाती है। पशुधन गणना 1951 के अनुसार कुल पशुधन संख्या 292.80 मिलियन थी और पशुधन गणना 1992 के अनुसार यह संख्या 470.14 मिलियन थी। 1997 की गणना से संबंधित काम चल रहा है।

(ख) देश में पशुधन में कोई गिरावट नहीं आई है।

(ग) और (घ) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन के राष्ट्रीय लेखों के 1996-97 के अनंतिम अनुमानों के अनुसार कृषि क्षेत्र से 3570 बिलियन रुपए के कुल उत्पादन की तुलना में पशुधन क्षेत्र से उत्पादन का कुल मूल्य 897 बिलियन रुपए रहा है जो कृषि क्षेत्र के कुल उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है।

(ङ) (क) और (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

राष्ट्रीय कुक्कुट विकास बोर्ड का गठन

912. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय कुक्कुट विकास बोर्ड का गठन का निर्णय लिया था; यदि हां, तो इस दिशा में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वित्त वर्ष 1992-93 से 1996-97 तक के लिए राष्ट्रीय कुक्कुट विकास बोर्ड को किसी धनराशि का आबंटन किया था; यदि हां, तो उसके उपयोग के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पांच वर्षों तक बजट आबंटन के अनुपयोग के लिए किसी को उत्तरदायी ठहराया गया था; यदि हां, तो की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सोमपाल): (क) जी, नहीं।

(ख) वर्ष 1992-93 से 1996-97 तक के दौरान राष्ट्रीय कुक्कुट विकास बोर्ड की स्थापना करने के लिए निम्नांकित राशि उपलब्ध कराई गई थी:

	करोड़ रु० में
1992-93	0.20
1993-94	3.50
1994-95	4.00
1995-96	2.60
1996-97	2.60

बोर्ड की स्थापना के प्रस्ताव की जांच पड़ताल, करने के बाद योजना आयोग तथा वित्त मंत्रालय से परामर्श करने के बाद विभाग ने यह निर्णय लिया था कि इस प्रस्ताव पर आगे कार्रवाई न की जाए।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

खाद्यान्न उत्पादन

913. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नौवीं पंचवर्षीय योजना के लिए खाद्यान्न उत्पादन की वार्षिक दर निर्धारित की गयी है;